उर्दू स्कूल में राष्ट्रगान को लेकर जांच टीम गठित

जिला शिक्षा अधिकारी ने मांगा जांच प्रतिवेदन

सिवनी नवभारत। नवभारत समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हुआ सक्रिय, जांच टीम के दिए आदेश और होगी नियमानुसार कार्रवाई उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के आयोजन को लेकर सामने खबर प्रकाशित के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने मामले को संज्ञान में लेते हुए विद्यालय प्रबंधन से प्रतिवेदन मांगा है। साथ ही विद्यालय का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच किए जाने की बात कही गई है।दरअसल, विद्यालय में प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत नहीं कराए जाने का पर प्रकाशित समाचार पत्र के बाद सामने आया था। और विभाग सहित पूरे जिले में विभिन्न स्तरों पर चर्चाएं शुरू हुईं। मामले की जानकारी लेने पर कुछ छात्राओं द्वारा भी विद्यालय में प्रार्थना होने, लेकिन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत नहीं होने की बात कही गई थी। इस पूरे मामले से संबंधित वीडियो एवं जानकारी नवभारत कार्यालय में सुरक्षित होने की बात सामने आई है। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने मांगा जवाब मामले को जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने छुट्टियां और त्योहार के चलते एवं व्यस्तता के कारण अभी मामले को गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से प्रतिवेदन मांगा है। जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच के लिए निरीक्षण किया जाएगा और निरीक्षण के दौरान जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। आपके माध्यम से प्रतिवेदन के लिए जवाब मांगा गया है। अब निरीक्षण के बाद जो भी मामला सामने आएगा, उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल के प्राचार्य से संपर्क के बाद भी अभी तक नहीं मिला पक्ष

मामले में विद्यालय के प्राचार्य नासिर खान का पक्ष जानने के लिए नवभारत समाचार पत्र द्वारा लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने फोन नहीं उठाया जिसकी कॉल डिटेल्स इस बात का प्रमाण है कि आखिरकार इस मामले में पक्ष क्यों नहीं रखना चाह रहे हैं?ऐसे में विद्यालय प्रबंधन की ओर से इस संबंध में क्या स्पष्टीकरण है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, वीडियो की जानकारी सामने आने के बाद विद्यालय में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के आयोजन को लेकर नियमों का पालन किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि पूर्व में क्या व्यवस्था थी और वर्तमान में क्या व्यवस्था है, इसकी वास्तविकता विद्यालय के निरीक्षण तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज से भी स्पष्ट हो सकती है।


सिवनी | नवभारत | जबलपुर, गुरुवार, 24 अगस्त, 2026 | 2

उर्दू स्कूल में नहीं कराया जाता राष्ट्रगान,राष्ट्रगीत का हो रहा है अपमान

तिरंगा यात्रा को लेकर भी उठ चुके हैं सवाल, कार्यवाही नहीं?

उर्दू स्कूल को लेकर इससे पहले हर घर तिरंगा अभियान के दौरान सामने आए एक वीडियो ने भी सवाल खड़े किए थे। बताया गया कि विद्यालय के छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई थी, लेकिन रैली में तिरंगा नजर नहीं आया और छात्र-छात्राएं बिना किसी नारे के मौन रूप से आगे बढ़ते दिखाई दिए। उस समय भी यह मामला चर्चा में रहा था। और अब राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत से जुड़े मामले में शिक्षा विभाग द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि विद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय प्रतीकों से संबंधित नियमों एवं प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। जांच के बाद सामने आएगी वास्तविक स्थितिराष्ट्रगान 'जन-गण-मन' और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' देश की राष्ट्रीय अस्मिता एवं गौरव से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। विद्यालयों एवं शासकीय संस्थानों में इनके संबंध में शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अपेक्षित है। ऐसे में उर्दू स्कूल में सामने आए वीडियो की वास्तविकता क्या है, यह विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।फिलहाल नवभारत में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन मांगने और निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात सामने आने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब सबकी नजर शिक्षा विभाग की जांच और उसके बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी है।

इनका कहना है



खबर प्रशासन के बाद उनसे प्रतिवेदन मांगा है और एक जांच टीम गठित की गई है जांच के बाद निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी

जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित सिवनी



एसपीएल प्रतियोगिता का समापन

सिवनी नवभारत। एसपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। नगर के मिशन स्कूल ग्राउंड मे आयोजित एसपीएल इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह मे भाजपा विधायक दिनेश राय ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता किया। जहां पर आपका फूलमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम मे आपने मैदान मे फायनल मुकाबला खेल रही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टास कराकर मुकाबला आरंभ कराया। इसके उपरांत विधायक के करकमलों से विजेता, उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों व समिति सदस्यों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान विधायक ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर आयोजन समिति को आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर श्रीमती मीना बिसेन भाजपा जिलाध्यक्ष, संतोष अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, युवराज सिंह राहंगडाले अध्यक्ष भाजपा उत्तर नगर मंडल, अभिषेक दुबे अध्यक्ष भाजपा दक्षिण नगर मंडल, राजू यादव पार्षद, हाजी सोहेल पाशा पार्षद, श्याम मिलन पांडे , अब्दुल काबिज खान , अहफाज खान , साजिद खान , सज्जू भाई, आसिफ भाई, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी सहित खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमी दर्शकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

आज युवाओं को सही मार्गदर्शन की जरूरत : मनीष बघेल



सिवनी नवभारत। आज समाज में जिस दिशा में हमारे युवा बढ़ रहे हैं, उसे देखकर एक सेवानिवृत्त सैनिक होने के नाते मेरा मन बहुत व्यथित है। मैंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष देश की सेवा में लगाए हैं और हमेशा अनुशासन, संस्कार, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना है। लेकिन आज जब अपने ही समाज के युवाओं को देखता हूँ तो चिंता होती है कि हमारी युवा पीढ़ी सही मार्गदर्शन के अभाव में भटक रही है। नशे, दिखावे, आपसी विवाद, गलत संगति और बिना उद्देश्य की जिंदगी की ओर बढ़ते कदम हमारे समाज के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। यदि यही शक्ति सही दिशा में लगे तो समाज शिक्षा, रोजगार, व्यापार, खेल और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। लेकिन यदि युवा भटक जाएँ तो उसका नुकसान केवल एक परिवार को नहीं, बल्कि पूरे समाज को उठाना पड़ता है। मैं समाज के वरिष्ठजनों, अभिभावकों और युवाओं से आग्रह करता हूँ कि हम सब मिलकर अपने युवाओं को समय दें, उनकी बात सुनें और उन्हें सही मार्गदर्शन दें। युवाओं को केवल रोकने की नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर लक्ष्य देने की आवश्यकता है। मेरी अपील है कि हमारा युवा नशे और विवाद से दूर रहकर शिक्षा, मेहनत, खेल, रोजगार और समाजसेवा को अपना लक्ष्य बनाए। हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जहाँ युवा अपने भविष्य को लेकर आशावान हों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। एक सैनिक ने देश की सीमा पर दुश्मन से लड़ना सीखा है, लेकिन आज समाज के भीतर फैल रही बुराइयों के खिलाफ लड़ाई भी उतनी ही जरूरी है। आइए, हम सब मिलकर अपने युवाओं को भटकने से बचाएँ और उन्हें सही दिशा देकर समाज का मजबूत भविष्य बनाएँ।

रामचंद्र महाराज ट्रस्ट समिति गंगेरूआ की जमीन में कब्जे का आरोप

रामचंद्र महाराज ट्रस्ट समिति धपारा गंगेरुआ से मिली है जमीन, किराए पर आवंटित जमीन की सीमा से बाहर भी किया जा रहा कब्जा

सिवनी नवभारत। रामचंद्र जी महाराज ट्रस्ट समिति धपारा गंगेरुआ की किराए पर दी गई भूमि को लेकर अब गंभीर विवाद सामने आया है। आरोप है कि समरक्रांति विश्वास उर्फ 'बंगाली डॉक्टर' और शंकर सिंह रांहगडाले द्वारा उन्हें निर्धारित की गई खसरा नंबर 223 की भूमि सीमा से बाहर जाकर कथित रूप से कब्जा किया जा रहा है। मामले में 'बंगाली डॉक्टर' समरक्रांति विश्वास का मामला सबसे अधिक चर्चा में है और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा निर्धारित भूमि से आगे बढ़कर अस्पताल का निर्माण कराया गया है। वहीं शंकर सिंह रांहगडाले पर भी आवंटित सीमा से अधिक भूमि पर कब्जा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस पर पूरे क्षेत्र में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है जहां पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बंगाली डॉक्टर को कई बार समझाइश, फिर भी नहीं मान रहे हैं वही वीडियो



बताया जा रहा है कि ट्रस्ट से जुड़े लोगों द्वारा समरक्रांति विश्वास को कई बार कथित रूप से समझाया गया कि आवंटित भूमि की सीमा से बाहर जाकर अतिक्रमण न करें। इसके बावजूद आरोप है कि बंगाली डॉक्टर द्वारा अतिरिक्त भूमि का उपयोग करते हुए अस्पताल का निर्माण आगे बढ़ाया गया। इससे यह सवाल उठ रहा है कि जब उन्हें उनकी निर्धारित भूमि की सीमा के बारे में जानकारी दी गई थी, तो कथित रूप से अतिरिक्त क्षेत्र में निर्माण किस आधार पर किया गया?

रिकार्ड व निष्पक्ष सीमांकन से साफ होगी तस्वीर

फिलहाल आरोप गंभीर हैं, लेकिन इनकी वास्तविकता राजस्व रिकॉर्ड और मौके के निष्पक्ष सीमांकन से ही सामने आएगी। प्रशासन यदि मौके पर पैमाइश कराकर रिपोर्ट सार्वजनिक करता है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि बंगाली डॉक्टर समरक्रांति विश्वास और शंकर सिंह रांहगडाले को जितनी जमीन निर्धारित की गई थी, क्या वे उतनी ही जमीन का उपयोग कर रहे हैं या उससे आगे बढ़कर कथित कब्जा किया गया है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है बार-बार समझाइश के बावजूद यदि निर्धारित सीमा से बाहर निर्माण और कब्जे के आरोप सही हैं, तो प्रशासन आखिर कब करेगा मौके की जांच और सीमांकन वही इस पूरे मामले में धपारा और गंगेरूआ समिति के अध्यक्ष केदार राहंगडालें से इस मामले में पक्ष जानने के लिए हमारे संवाददाता ने संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

डॉक्टर के बाद शंकर सिंह भी कर रहा अवैध कब्जा?

इसी मामले में शंकर सिंह रांहगडाले पर भी आवंटित क्षेत्र से बाहर जाकर जमीन पर कब्जा करने के आरोप सामने आ रहे हैं।यदि दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच की जाए तो यह स्पष्ट हो सकता है कि किराए पर निर्धारित की गई भूमि कितनी थी और मौके पर वास्तविक उपयोग कितना हो रहा है। भूमि किराए पर देते समय जिस क्षेत्रफल की जगह निर्धारित की गई थी, उसका उपयोग उसी सीमा तक किया जाना अपेक्षित है। इसके साथ ही भूमि के किराए का नियमित नवीनीकरण (रिन्यूवल) भी नियमों के अनुसार किया जाना है।ऐसे में जांच का विषय यह है कि वर्तमान में समरक्रांति विश्वास और शंकर सिंह रांहगडाले द्वारा कितने क्षेत्र का उपयोग किया जा रहा है और क्या वह निर्धारित सीमा के भीतर है?

निष्पक्ष सीमांकन की उम्मीद

वहीं अगर अवैध कब्जा गलत नहीं है तो निष्पक्ष रूप से इस मामले की वास्तविकता सामने लाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा मौके पर निष्पक्ष सीमांकन कराया जाना आवश्यक है। सीमांकन के दौरान यह स्पष्ट किया जाए कि किस व्यक्ति को कितनी भूमि निर्धारित की गई थी और वर्तमान में कितनी भूमि पर निर्माण अथवा कब्जा है।यदि जांच में निर्धारित सीमा से बाहर भूमि का उपयोग या कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

एक नजर में



विधायक दिनेश राय ने कार्यालय में सुनीं आमजन की समस्याएं

सिवनी। मंगलवार को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रातः 11:00 बजे से विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा अपने कार्यालय मे उपस्थित नागरिकों से संवाद किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये।

राखी बंधवाकर लौट रहे दो भाइयों की हादसे में मौत



छपारा नवभारत। बहन से राखी बंधवाकर घर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा 31 अगस्त की शाम करीब साढ़े पांच बजे छपारा नगर से लगभग 6 किलोमीटर दूर एनएच-44 फोरलेन पर ग्राम घोघरी के समीप हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली, जिला नरसिंहपुर निवासी बृजेश डेहरिया पिता हरिनारायण डेहरिया (38 वर्ष) एवं मयंक डेहरिया पिता सुरेश डेहरिया अपने रिश्तेदार वीरेंद्र डेहरिया के यहां लूघरवाड़ा, सिवनी आए थे। दोनों युवक 31 अगस्त की अपनी बहन से राखी बंधवाने लूघरवाड़ा पहुंचे थे और शाम करीब साढ़े चार बजे बाइक से करेली के लिए रवाना हुए थे। बताया गया कि ग्राम घोघरी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। वहीं छपारा पुलिस ने दोनों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा की मर्चुरी में पहुंचाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच एवं कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मिली 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

मिशन स्कूल छपारा की जिला टॉपर छात्रा वंशिका जैन को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

छपारा नवभारत। नगर के मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) की होनहार छात्रा कुमारी वंशिका जैन, पिता स्वदेश जैन ने कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय, सत्र 2025-26 में सिवनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने माता-पिता एवं छपारा नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि हेतु उनका चयन किया गया है। विशेष उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत सिवनी जिले से मात्र दो विद्यार्थियों का ही चयन किया गया था।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 01 सितंबर मंगलवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल) में आयोजित सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वंशिका जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंशिका के साथ विद्यालय की ओर से वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती आयलिन कुमार भी उपस्थित रहीं।



वंशिका जैन की यह उपलब्धि लगभग 135 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए मिशन स्कूल छपारा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। यह ऐतिहासिक विद्यालय लंबे समय से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता रहा है। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुँचकर अपनी प्रतिभा एवं सेवाओं के माध्यम से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। इससे पूर्व इसी विद्यालय की छात्रा कुमारी सना अंजुम ने कक्षा 12 वीं जीव विज्ञान में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, सहित अपने माता-पिता तथा छपारा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया था। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें भी प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। सना अंजुम ने आगे NEET परीक्षा उत्तीर्ण कर MBBS में प्रवेश प्राप्त किया और वर्तमान में चिकित्सा जगत में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। वंशिका जैन की यह उपलब्धि मिशन स्कूल छपारा की इसी गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाली उपलब्धि है। वर्तमान में वंशिका जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनकी शैक्षणिक प्रतिभा, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण को देखते हुए विद्यालय परिवार को विश्वास है कि वे भविष्य में भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करेगी।

वंशिका जैन की इस उल्लेखनीय सफलता पर संस्था के डायरेक्टर माइकल जॉन, हिन्दी माध्यम के प्राचार्य संजय मसीह, अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य प्रदीप कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

भगवान बलराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

सिवनी। भगवान बलराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में युवा इकाई अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा, जिला सिवनी (म.प्र.) द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज , प्रातः 10 बजे से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा पलारी में आयोजित होगा।अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के नवयुवक मंडल के जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि रक्तदान महादान है और समाजहित में किया गया यह पुनीत कार्य किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के सभी सामाजिक बंधुओं, युवाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को अचानक पड़ सकती है। ऐसे में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ अपने मित्रों, साथियों और परिचितों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

लापरवाही | कीटनाशक के बढ़ते चलन से हरा चारा हो रहा जहरीला

पशुओं के लिए काल बन रहा खतरनाक कीटनाशक जहर

छपारा नवभारत। विकासखंड छपारा के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामो में अब खेतों कि बुआई का काम अपनी पूर्णता पर है इसके साथ ही खेतो में कीटनाशक और निंदा नाशक दवाईयों का छिडकाव जमकर किया जा रहा है जो उसके संपर्क में आनेवाले पशुओ के लिए अकाल मृत्यु का कारण बनता जा रहा है। अधिक उपज के चलते खेतों में कीटनाशक और निंदा नाशक दवाईयों का उपयोग किया जा रहा है जिसमें लाखो लीटर की मात्रा में दवाईयों का उपयोग होता है और बारिश के बाद ये दवाई जल स्त्रोतों में जमा होती जाती है जिससे उक्त जल का सेवन करने से पशुओं में विषाक्तता के लक्षण आते है और समय पर उपचार नही मिलने से पशुओं कि मृत्यु हो जाती है।

अभी वर्तमान में पशुओं में इस तरह के लक्षण देखने में आ रहे है जिसमे पशु अचानक खाना बंद कर देता है और उसके शरीर का



तापमान घटने लगता है, यह अवस्था बनी रहने पर पशु उठने बैठने में अक्षम होने लगता है।

पशु चिकित्सलय छपारा में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ गौतम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इसी अवधि में सैकड़ों पशु कीटनाशक या उर्वरको के सेवन से अकाल मृत्यु को प्राप्त हो जाते है। कई बार देखा जाता है कि किसान इन खतरनाक दवाई को खेत में छिड़काव के बाद उसके अवशेष जैसे उसके खाली डब्बे पन्नी खुले में ही फेंक देते है जिसके संपर्क में आनेवाले पशु भी जहर का शिकार हो जाते है चूंकि मूक पशु बोल नही सकता इस परिस्थिति में पशु के विषाक्तता कि जानकरी तब लगती है जब पशु के मुख्य अंग जैसे दिल और फेफड़े काम करना बंद करने लगते है ऐसे में पशु को बचाना बहुत मुश्किल होता जाता है।

खेतो में उपयोग होने वाले कीटनाशक जैसे एमामेक्टिन बेन्जोएट, lebda z cyhalothrin, chlor intra nilitrole का उपयोग किया जाता है जिसका असर 30 से 45 दिन का होता है पशुपालक इसको मक्का की फसल में कीटनाशक के रूप में उपयोग करते है और फिर फसल के बीच का हरा चारा पशुओ को दिया जाता है जिसके खाने के बाद पशुओ में जहर के लक्षण आने लगते है शुरू में पाचन सिस्टम ख़राब होता है उसके बाद पशु का नर्वस सिस्टम काम करना बंद कर देता है, इस अवस्था में जाने के बाद पशु को बचाना लगभग ना के समान हो जाता है।

पशुओं को घर पर साफ पानी पिलाकर ही चराने छोड़े ताकि वे कही भी जमा पानी का सेवन नही करें और सुरक्षित रहे। साथ ही जिन फसलों में कीटनाशक दवाई का उपयोग किया गया है उसके अन्दर के खरपतवार को पशुओं को खिलाने से बचे। बीमार होने या कोई लक्षण दिखने पर तुरंत निकट के पशु चिकित्सालय या पशु औषधालय में संपर्क करें।

चराई को किया जाता है निषेध

प्रत्येक गाँव में लगभग सारी जमीन पर फसल लगाई जा रही है जिसके कारण पशु को चराने हेतु भूमि नही बचती है साथ ही वन्य क्षेत्र में फेंसिंग और बड़ी नाली खोदकर भी चराई को निषेध किया जाता है ऐसे में पशुओं का इस तरह खुले में छोड़े गए खतरनाक रासायनिक अवशेष के संपर्क में आने और उसका शिकार होने कि संभावना प्रबल हो जाती है।पशु पालको से अपील कि जाती है की अपने मवेशियों को ऐसे क्षेत्रो में जाने से रोके जहां फसल लगी है और उसमे दवाई डाली गई है साथ ही किसानों से अपील है कि खतरनाक दवाई के उपयोग के बाद उसके अवशेष को नष्ट अवश्य कर देवे।

छपारा नगर में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

छपारा नवभारत। नगर के इंडो क्लब द्वारा जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 2 सितंबर से छपारा नगर तकिया वॉर्ड स्थित सुभाष ग्राउंड के में किया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर क्लब द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

आयोजकों के बताए अनुसार, इस जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ खेलप्रेमियों की सहभागिता रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं एकता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा फुटबॉल के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है।

इंडो क्लब छपारा ने क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ियों, सम्माननीय नागरिकों एवं खेलप्रेमियों से टूर्नामेंट में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। आयोजकों ने बताया कि विजेता टीम को

प्रथम पुरस्कार 15,हजार 1 रुपए एवं उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार ?7,501/-

वहीं विशेष पुरस्कार की श्रेणी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट,बेस्ट डिफेंडर,बेस्ट गोलकीपर बेस्ट मिडफील्डर,बेस्ट अटैकर सहित प्रत्येक मैच में मैंन ऑफ द मैच भी दिया जाएगा। साथ ही

प्रतियोगिता के नियम एवं शर्ते के तहत केवल 16 टीमें ही टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगी, प्रत्येक टीम में अधिकतम 16 खिलाड़ी ही पंजीकृत किए जा सकेंगे। केवल सिवनी जिले के खिलाड़ी ही टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक टीम का पूर्ण ड्रेस कोड (यूनिफॉर्म) में होना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टीम को मैच से पूर्व 1,000/- सिक्योरिटी राशि जमा करनी होगी। मैच समाप्त होने के बाद सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। साथ ही सभी मैच दिन के समय खेले जाएंगे।

नोटीस Civil B No. 2623/2026

मुंबई येथील न्यायाधिकारी, उच्च न्यायालयाचे नागपूर खंडपीठ, नागपूर.

दिवाणी अर्ज क्र. : ७१०/२०१९ (Delay) in
किरकोळ दिवाणी अर्ज स्टॅम्प क्र. : 20515/2018
(Restoration) in
पहिले अपिल क्र. : 525/2014 (D)

वादी : The New India Assurance Co. Ltd., through is Branch Manager Ahmadnagar, Presently through its Chief Regional Manager, Nagpur.

तर्फे ॲडव्होकेट **Mr. M.B. Joshi**
विरुद्ध

प्रतिवादी : **Shalikram Kaloba Ingale & others.**
प्रति,
R. No. 6 : M/s. Manasi Roofings & Services B-2, Surbhi Colony, Bhutkarwadi, Ahmednagar-414003.

सदरहू प्रतिवादी नं. ६ यांना सुचित करण्यात येते की, (W.C.A. (F) No. 11/2012) या प्रकरणात **The Commissioner for Workmen's Compensation, Labour Court, Buldana** यांच्या हुकुमनाम्यावर वरील अर्जदार यांनी उच्च न्यायालय, नागपूर खंडपीठ येथे F.A. No. 525/2014 दाखल केले होते सदरहू F.A. (Dismissed vide Court's Order Dated 03/03/2017 by the end of 03/07/2017) खारीज झाले आहे

खारीज केलेले पहिले अपिल पूनर्जित करण्याकरीता अर्जदार यांनी दिवाणी अर्ज दाखल केला आहे. या अर्जाची सुनावणी नोटीस प्रकाशित झाल्यापासून पाच आठवड्याच्या आत अगर कोर्टाच्या सवडीप्रमाणे कोणत्याही दिवशी होईल यास्तव तुम्ही तर्फे अधिवक्ता किंवा मुकदमा चालविण्यास कायद्यानुसार ज्यास अधिकार आहे असा कोणी व्यक्ती सदरहू खारीज झालेले F.A. No. 525/2014 मधील दिवाणी अर्ज क्र. 710/2019 (C.A.O. for Condonation of Delay) in किरकोळ दिवाणी अर्ज स्टॅम्प क्र. 20515/2018 चालविण्यास हजर झाला नाही तर तुमच्या परोक्ष अर्जाची एकतर्फी सुनावणी करण्यात येईल.

यास साक्ष SHRI RAVINDRA VITHALRAO GHUGE (ACTING) मुंबई येथील मुख्य न्यायाधिकारी. आज तारीख १४/०७/२०२६.

कोर्टाचे हुकूमाने
(Shri P M Bhorkar)
Assistant Registrar
High Court Of Bombay
Nagpur Bench, Nagpur